## संक्षिप्त

### लूट का खुलासा नहीं होने पर ज्ञापन

**पावटा, (निसं)।** सत्ताईसा राजपूत समाज हरीसिंह खेलना संरक्षक, रानी रत्ना कुमारी, दशरथ सिंह शेखावत अध्यक्ष सत्ताईसा के नेतृत्व मे राजेंद्र यादव गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि टसकोला गांव में नरेन्द्र सिंह के साथ लूटपाट एवं गोलीबारी हुये एक माह से अधिक समय व्यतीत हो गया। अभी तक कैश, मोबाइल एवं अन्य लूटे गये दस्तावेज बरामद नहीं हुये हैं। इससे समाज में रोष बढ रहा हैं। वही राजेंद्र यादव गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार ने अभी तक पकडे गये दो अभियुक्तों तथा फरार अभियुक्तों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी से कार्यवाही कर रही है। लुटेरे शीघ्र ही पकडे जायेंगे। राजेंद्र यादव गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार ने पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल को और मुस्तैदी से प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के लिए कहा।

### 9वीं क्लास की छात्रा से गैंगरेप

**जयपुर, (निसं)।** 9वीं क्लास की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पडोस में रहने वाले तीन युवकों ने उसका किडनैप किया था। होटल में ले जाकर तीनों आरोपियों ने उसके साथ रेप किया। दौलतपुरा थाने में नाबालिग पीडिता ने सोमवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसीपी (चौमूं) राजेन्द्र सिंह ने बताया कि दौलतपुरा निवासी 14 साल की लडकी से गैंगरेप हुआ। वह एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं क्लास में पढाई करती है। करीब 3 महीने पहले तीन पडोसी युवकों पर किडनैप कर गैंगरेप करने की दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया है कि शाम करीब 7 बजे वह घर से किसी काम से जा रही थी। कॉलोनी में ही रहने वाले तीनों आरोपियों ने उसे कार में बैठा लिया। तीनों उसे एक होटल में ले गए। होटल के रुम में बारी-बारी से उसके साथ रेप किया। जिसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी रहने पर परिजनों के दबाव बनाकर पूछने पर बेटी ने आपबीती सुनाई। सोमवार शाम पीडिता को लेकर परिजन थाने पहुंचे। तीनों आरोपी पडोसियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीडिता के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी आज

**टोंक (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. टोंक द्वारा विद्युत के अतिआवश्यक रखरखाव कार्य करने के कारण 12 अक्टूबर को बग्गीखाना व हाऊसिंग बोर्ड केवी जीएसएस टोंक निकलने वाले 11 केवी फीडर कम्पू व सुभाष बाजार पर 9 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता अ प्रथम ने बताया कि बिजली कार्य के चलते कम्पू, जेल रोड, डाईट रोड, नैनसुख की बगिया, शंकरपुरा चौराहा, बैरवाओं का मौहल्ला, पांचबत्ती से घंटाघर, संघपुरा, अम्बिका कॉलोनी, नगर परिषद कॉलोनी, दौलत गेस्ट हाऊस, बस स्टेंड न्यू, छावनी आदि क्षेत्रो की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# बाप ने ही किया था बेटी का मर्डर, दो साल बाद खुलासा

**अलवर, (निसं)।** अलवर के मालाखेडा थाना क्षेत्र के कलसाडा गांव में दो साल पहले 19 साल की बेटी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने युवती के पिता को ही गिरफ्तार किया है। जो घटना के 10 दिन बाद से फरार था। पुलिस ने 10 अगस्त 2020 को हुई हत्या के बाद अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उस समय किसी को पता नहीं था कि पिता ने ही बेटी की हत्या की है। अब मामले का खुलासा हुआ है।

मालाखेडा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 10 अगस्त 2020 को बाबूलाल मीना ने अपनी ही बेटी हीना की खेत में गोली मार कर हत्या

■ **हत्या के पीछे कारण आरोपी पिता की बेटी व बेटे के साले के बीच अफेयर होना पाया गया**

कर दी थी लेकिन उस समय यह किसी को पता नहीं लग पाया था कि हत्या किसने की। पुलिस इस मामले में बराबर जांच में लगी थी। कई सबूत हाथ लगने के बाद पुलिस ने अब उसी के पिता बाबूलाल मीना को गिरफ्तार किया है। जो अपने बेटे के साले की हत्या करना भी चाह रहा था। असल में हत्या के पीछे



अलवर की मालाखेड़ा पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया।

आरोपी पिता की बेटी व बेटे के साले के बीच अफेयर होना पाया गया है। जो पिता को रास नहीं आया। इसके बाद बेटी को खेत में बुलाकर उसे गोली मार दी थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के बारे में बताने पर 5 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। हालांकि पुलिस ने 10 अगस्त 2020 की हत्या के मामले का दो साल करीब दो महीने बाद खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को कई दिन रिमांड पर लिया। इसके बाद यह पूरी कहानी पता लगी है। अभी पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है। कुछ अलग तथ्य भी मिल सकते हैं। इस मामले में थाना प्रभारी के अलावा महावीर प्रसाद, सत्यवीर सिंह व जगदीश सहित कई पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही है।

# गौ रक्षा कमांडो फोर्स गोवंश की जीवन रक्षा का विकल्प बन सामने आया

**लालसोट, (निसं)।** क्षेत्र में लंपी स्किन डिजीज वायरस से जूझ रहे गोवंश को गौ रक्षा कमांडो फोर्स की युवा टीम जीवन रक्षा का एकमात्र विकल्प बनकर सामने आ रहा है। भूतेश्वर गौ रक्षा कमांडो फोर्स के अध्यक्ष रमेश जालवाला ने बताया कि पिछले कई सालों से गौ संरक्षण के लिए कार्य कर रही यह गौ रक्षा कमांडो फोर्स गौ रक्षा दल गंभीर अवस्था से पीडित गोवंश को जीवनदान देने का कार्य कर रहे हैं।

गौ रक्षा कमांडो फोर्स के युवा इस तरह के गोवंश का इलाज हाथों से कर रहे हैं जिसे देखने मात्र से ही दिल दहल जाता है। मौजूदा समय में लंपी वायरस से ग्रसित गोवंश को खुद के स्तर पर संसाधन एकत्र कर मौत के कगार पर खडे गोवंश को बचाकर धार्मिक भावनाओं को आहत होने से बचाने का कार्य भी कर रहे हैं। इस लंपी वायरस संक्रमण काल के दौरान कोई ऐसी जगह नहीं है जहां पर इस वायरस से संक्रमित गोवंश तडपता नहीं दिखाई दे रहा हो।

दूरभाष या अन्य संचार माध्यम से मिली सूचना के आधार पर गौ रक्षा दल मौके पर पहुंचता है एवं चाहे गोवंश संक्रमित हो कर पीडित हो या फिर किसी दुर्घटना का शिकार होकर मौत के कगार पर खडा हो, यह गौ रक्षा कमांडो फोर्स की युवा टीम उसे बचाने की जद्दोजहद में जुट जाती ह।. वही आखरी प्रयास तक उस गोवंश की सेवा कर उसे बचाने का प्रयास करती रहती है। डीडवाना ग्राम स्थित भूतेश्वर गौशाला में संक्रमण से ग्रसित गोवंश का गौ रक्षा कमांडो फोर्स द्वारा

■ **युवा कर रहे गंभीर अवस्था के गोवंश की देखरेख**

खुद के स्तर पर फंड इकट्ठा कर इलाज किया जाता है। गोवंश को संक्रमण से बचाने के लिए इस युवा फोर्स द्वारा गोवंश को आयुर्वेदिक दवाई के रूप में लड्डू बनाकर खिलाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। वही सरकारी स्तर पर गोवंश के लिए किए जा रहे संरक्षण के प्रबंध नाकाफी होने के चलते लोगों में रोष भी व्याप्त है। वही लोगों द्वारा सरकार से गो संरक्षण के लिए ज्यादा तेजी से कार्य कर बजट आवंटन सहित अन्य सुविधाएं देने की मांग की गई है।

# बीमा एजेंटों ने किया प्रदर्शन

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा टोंक में लियाफी अध्यक्ष रामलाल गुर्जर संडीला के नेतृत्व में बीमा अभिकर्ताओं ने हडताल पर रहकर विभिन्न मांगों को लेकर भारत सरकार एलआईसी मैनेजमेंट के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया।

लियाफी अध्यक्ष रामलाल गुर्जर ने बताया कि लियाफी की मुख्य मांग पॉलिसी धारकों के बोनस में वर्दी की जाए, बीमा पॉलिसी में जीएसटी हटाया जाए, अभिकर्ता के ग्रेच्युटी में वर्दी की जाए, अभिकर्ताओं के कमीशन बढ या जाए, पेंशन योजना लागू की जाए, अनक्लेम राशि का उपयोग पॉलिसी धारकों के बोनस में वर्दी एवंम अभिकर्ताओं के हित में किया जाए, इस मौके पर भंवर लाल शर्मा, शिव प्रकाश विजय, रमेश गढ वाल, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र प्रकाश खंगार, सचिन राजौरा, बंटी नामा, राजकुमार सैनी, हनुमान वर्मा, महावीर अजमेरा, रामावतार शर्मा, अक्षय गिरी, कमल सागरवाल, मोहन लाल मीणा विनय जोशी लेखराज प्रजापत दीपक सैनी पंकज सैनी, दीपक महावर आदि बंधुओं ने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के लिए विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया गया। अभिकर्ता ने 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक हडताल रखी है।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर हौसलों की उड़ान के लिए किया प्रेरित

**मंडावरी, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर विभिन्न राजकीय विद्यालयों में बालिकाओं को हौसले की उडान के लिए प्रेरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर विद्यालयों में होली परिचर्चा के दौरान विभिन्न बालिका कल्याण से जुडे विषयों पर आपसी संवाद का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महारिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को बडे

■ **बालिका कल्याण से जुड़े विषयों पर संवाद कार्यक्रम**

धूमधाम से मनाया गया एवं बालिकाओं के हौसलों को मजबूत करने के लिए प्रेरणादाई विषयों पर संवाद किया गया।

व्याख्याता कमलेश गौतम द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम में बालिकाओं के शारीरिक बौद्धिक एवं मानसिक विकास के साथ चारित्रिक पक्ष से संबंधित अनेक बिंदुओं पर चर्चा कर बालिकाओं की शंका का समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान रुचिका अग्रवाल द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषय पर प्रस्तुति देते हुए



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर महारिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में संवाद कार्यक्रम में छात्राओं ने भाग लिया।

बिगडते लैंगिक अनुपात के संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। स्थानीय विद्यालय की छात्रा गोरा गांव लक्ष्मी सैनी कोमल शर्मा कोमल मीणा वैशाली शबाना बानो एवं डोली मीणा ने बालिकाओं के समक्ष आने वाली अनेक पारिवारिक शैक्षिक और सामाजिक समस्याओं पर अपने बेबाक विचार रखकर आने वाली समस्याओं के बीच खुद के स्तर पर ही समाधान ढूंढ ने पर प्रकाश डाला गया। बालिका दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र रेखा मीणा द्वारा की गई एवं कार्यक्रम के अंत में सकारात्मक परिचर्चा के सफल संचालन एवं सहभागिता के लिए प्रभारी सह प्रभारी एवं बालिकाओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ सहित कई छात्राएं मौजूद रही।

**चाकसू।** माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मन्दिर में मंगलवार को हमारी लाडो नींव फाउंडेशन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बलिका दिवस मनाया गया। विद्यालय की कक्षा 6 और 7 की 28 छात्राओं ने लडकियां भागे; सबसे आगे का नारा लगाते हुए 5 किलोमीटर की दौड की। दौड की शुरुआत विद्यालय प्रांगण से बालिका प्रधानाचार्य सीमा शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड के मध्य में बालिकाओं के लिए समाजसेवी मनोहर करनानी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को मेडल, प्रमाण से सम्मानित कर पढ ाई संबंधित सामग्री उपहार में दी गई।

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गाँधी पी.जी कॉलेज, श्रीमाधोपुर में मंगलवार को अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर चित्रकला की असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा चौधरी के सानिध्य में महाविद्यालय प्रांगण में विधार्थियों द्वारा रंगोली बनाकर बेटी बचाओ, बालिकाओं को आगे बढ ने एवं जागरूक रहने का संदेश दिया। चित्रकला विभाग के विधार्थी निखिल सैनी, करण सैनी, कुलदीप कुमावत, विक्रम, अमित, मनीष, शिम्भु द्वारा रंगोली सजाई गई। इस अवसर पर व्याख्याता विजेंद्र कुमार, वीरेन्द्र यादव, करीना कुमावत, राकेश शर्मा, कैलाश बिजारणिया, शिल्पी मामोडिया, आशा सैनी, सुमित्रा सिंह, मनीष अठावाल, रामसिंह, दिनेश डोडवाडिया सहित संपूर्ण महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद था।

# जिला सीनियर शतरंज प्रतियोगिता 17 से

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** सीकर जिला शतरंज संघ के सचिव एडवोकेट गिरिराज शर्मा ने बताया कि पंडित जयनारायण शर्मा स्मृति जिला सीनियर शतरंज प्रतियोगिता 17 से 19 अक्टूबर तक स्टेशन रोड पर स्थित खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में होगी। संघ के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थानों तक पंडित जयनारायण शर्मा स्मृति कप व 5100, 3100, 2100, 1100 के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे व जूनियर बेस्ट, बालिका श्रेष्ठ, वरिष्ठ खिलाडी को भी विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के चयनित चार प्रतियोगी 28 अक्टूबर से उदयपुर में आयोजित हो ने वाली राजस्थान राज्य सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगी प्रविष्टि फार्म कोषाध्यक्ष दीपक राव से प्राप्त कर सकते हैं।


**कार्यालय नगर पालिका लालसोट जिला दौसा (राज.)**

क्रमांक न.पा.ला.2022/361 दिनांकः-11/10/2022

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका लालसोट द्वारा श्री हुसैन खां पुत्र श्री रहमान खां निवासी ईदगाह कॉलोनी, लालसोट को सखरा नं. 127,128,129 में पट्टा संख्या 1189 दिनांक 24.06.2005 के द्वारा 150 वर्गगज आवासीय पट्टा जारी किया गया था। इसके पश्चात् पट्टाधारक की मृत्यु दिनांक 01.05.2014 को हो जाने के कारण उक्त पट्टे का नाम हस्तान्तरण सजरा सहमति शपथ पत्र के आधार पर वारिसान श्रीमती रहिसा बेगम पत्नी श्री हुसैन खां निवासी ईदगाह कॉलोनी के नाम करवाने हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है।

इसलिये किसी भी संस्था/व्यक्ति के द्वारा कोई आपित्त हो तो सात दिवस में मय सबूत के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, लालसोट

**OFFICE THE GRAM PANCHAYAT SIMRALA JAGEER PS-SRIMADHOPUR (SIKAR)**

No.Eproc/2022-23/198 Date: 11/10/2022

**E-Tender Notice No. 01/2022-23**

Bids for open tender of procurement Of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat at SIMRALA JAGEER Panchayat Samiti Srimadhopur (Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered Under the GS1 act 2017,6.00 PM of 19-10-2022. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat SIMRALA JAGEER Office in all working days.

**UBN No.: SMD2223GLRC00320**

SARPANCH, GRAM PANCHAYAT, SIMRALA JAGEER, PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR
VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT, SIMRALA JAGEER, PANCHAYAT SAMITI SRIMADHOPUR

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4172-73 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-10.10.2022

श्री कैलाश चन्द पुत्र श्री चोथमल निवासी वार्ड नम्बर 28 अम्बेडकर पार्क के पास हरिजन बस्ती कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.28 अम्बेडकर पार्क श्रीमाधोपुर | चर्तुसीमाएँ निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में मंगलचन्द का मकान, पश्चिम दिशा में सीताराम का मकान, उत्तर दिशा में आम रास्ता व दक्षिण दिशा में सीताराम का मकान अवस्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 10 फुट, उत्तर से दक्षिणी 23 फुट कुल क्षैत्रफल 25.55 वर्गगज या 21.36 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10.10.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर


# सांभर लवणीय झील का किया निरीक्षण, नहीं मिला मृत पक्षी व मवेशी

**सांभरझील, (निसं)।** लवणीय झील में आने वाले अनेक प्रजातियों के पक्षियों की सुरक्षा की लिहाज से वन विभाग, पशुपालन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से करीब 30 किलोमीटर तक सर्वे किया गया। उक्त विभागों के अधिकारियों की ओर से संयुक्त भ्रमण के दौरान झील क्षेत्र में मृत मवेशियों के डाले जाने व प्रवासी पक्षियों पर मंडरा रहे खतरे की खबर भी झूठी निकली।

अधिकारियों की ओर से भ्रमण के पश्चात जब कहीं पर भी कोई मृत पक्षी व मवेशी नहीं पाया गया तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली। पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक क्षेत्र डॉ उम्मेद सिंह, तहसीलदार सांभर हरि सिंह राव, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक

■ **वन, पशुपालन व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने किया सर्वे**

डॉक्टर पदमचंद कानखेडिया व डॉक्टर विकास शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी फुलेरा राज सिंह शेखावत, भूअभिलेख निरीक्षक धन्नाराम मीणा व वनपाल जोबनेर श्याम श्री शर्मा की ओर से निरीक्षण के दौरान झील का हर्क्षेत्र खंगाला गया।

जांच पडताल में पाया कि वर्तमान में प्रवासी पक्षियों को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा सर्वे टीम में शामिल उपरोक्त सभी



वन विभाग, पशुपालन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से करीब 30 किलोमीटर तक सर्वे किया गया।

अधिकारियों की ओर से सांभर झील क्षेत्र के नलियासर, रतन तालाब, झपोक बांध, शाकंभरी माता मंदिर, नगर पालिका सांभर के डंपिंग यार्ड, काचरोदा नर्सरी का भी गहराई से निरीक्षण कर आगामी कार्रवाई के लिए उचित निर्णय लिए। बताया गया कि झील क्षेत्र में कोई मृत पक्षी व मवेशी नहीं मिला है और न हीं कोई बीमार पक्षी पाया गया है।

यह भी बताया गया कि इस संबंध में कचरोदा नर्सरी में पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा किसी बीमार प्रवासी व मृत पक्षी की सूचना नहीं दी गई है। नर्सरी में स्थाई रूप से रेस्क्यू सेंटर पहले से ही संचालित किया हुआ है। एहतियात के तौर पर झील क्षेत्र में पर्यवेक्षक एवं निरीक्षण करने हेतु एक टीम का गठन किए जाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों के पास भिजवाया जा रहा है। इसके तहत राज्य स्तरीय निगरानी दल में उपनिदेशक पशु रोग नियंत्रण, उपनिदेशक पशुपालन विभाग, उपनिदेशक पॉलीक्लिनिक कुचामन सिटी, उपनिदेशक पोल्ट्री लेब इसी प्रकार नोडल क्षेत्र फुलेरा हेतु गठित दल में विभिन्न विभागों की टीम में 10 अधिकारियों को शामिल किए जाने का भी प्रस्ताव मंजूरी के लिए उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। फिलहाल सर्वे टीम में शामिल अधिकारियों की ओर निर्देश प्रदान किए गए की पशु चिकित्सा अधिकारी के सुपर विजन में आसपास मृत पाये जाने वाले पशुओं का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण किया जाए तथा स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका वन विभाग निकटतम स्थानीय ग्राम पंचायत का सहयोग व समन्वय के साथ कार्य को भली भांति से अंजाम दिया जाए।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर- 302004

क्रमांक: जविप्रा/जनसम्पर्क/2022/डी-वी-122 दिनांक: 11.10.2022

**आम सूचना**

निम्न योजनाओं के आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए है जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस संबंध में आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 7 ( सात ) दिवस मय दस्तावेज संबंधित उपायुक्त जोन कार्यालय में प्रस्तुत करें।

| क्र.सं. | जोन | भूखण्ड सं. | सोसायटी/योजना का नाम | आवेदक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 9 | 98 | शिव शंकर गृ.नि.स.स. की योजना शिव शंकर नगर उपविभाजन हेतु | श्री बद्री पुत्र स्व. श्री लादूराम मीणा |
| 2. | 10 | खसरा नं. 69 से 75, 76/1, 77/1 | ग्राम टोडीरमजानीरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर की निजी खातेदारी योजना में मोटल प्रयोजनार्थ से रिसोर्ट हाउसिंग भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आपति/सुझाव ( 15 दिवस ) | श्रीमती राजकुमारी महेन्द कुमारी पुत्री सुदर्शन देवी |
| 3. | 9 | 9/CO/41 | रिंग रोड परियोजना, लीजडीड जारी करने हेतु | अरविन्द गुप्ता पुत्र डॉ. एन.एच. गुप्ता |
| 4. | 9 | 350 | कुसुम विहार योजना, लीजडीड जारी करने हेतु | अलक झा पुत्र श्री अम्बुजाकस ओझा |
| 5. | 12 | 127 | जविप्रा की योजना भांकरोटा नाम हस्तान्तरण/फ्री होल्ड लीजडीड हेतु | श्रीमती बच्ची देवी पत्नि श्री रामू सिंह |
| 6. | 12 | 149 | जविप्रा की योजना भांकरोटा नाम हस्तान्तरण/फ्री होल्ड लीजडीड हेतु | श्री सत्येन्द्र सिंह पुत्र श्री जयराम सिंह |
| 7. | 6 | 51 | सुभाष सिंधी गृ.नि.स.स. की योजना नारायण नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्रीमती सम्पति देवी, राकेश, किशन पुत्र/पत्नी स्व. श्री मुकेश |
| 8. | 6 | 91 | सुभाष सिंधी गृ.नि.स.स. की योजना नारायण नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्री राजेन्द्र पुत्र श्री कन्हैया लाल |
| 9. | 6 | 72 | सुभाष सिंधी गृ.नि.स.स. की योजना नारायण नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्रीमती सुमित्रा पत्नी श्री मुन्ना लाल |
| 10. | 6 | 105 | सुभाष सिंधी गृ.नि.स.स. की योजना नारायण नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्रीमती बीना पत्नी श्री मुन्ना लाल |
| 11. | 6 | 58 | सुभाष सिंधी गृ.नि.स.स. की योजना नारायण नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्रीमती राधा देवी पत्नी श्री गोकुल हरिजन |
| 12. | 6 | 173 | शिल्पाचार्य विश्वकर्मा गृ.नि.स.स. की योजना कल्याण कुंज लीजडीड जारी करने हेतु | श्री राकेश कुमार चौधरी पुत्र श्री महावीर कुमार |
| 13. | 6 | 21 | श्री गणपति गृ.नि.स.स. की योजना गोविन्द नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्रीमती पप्पी देवी उर्फ पप्पू देवी पत्नी श्री रामलाल सैनी |
| 14. | 2 | 19 | मित्र गृ.नि.स.स. की योजना जगदम्बा कॉलोनी ( स्कीम नं. 7 ) फ्री होल्ड से लीजडीड हेतु | श्री चांद कौर पत्नी श्री हरजेन्द्र सिंह |
| 15. | पृथ्वीराज नगर (दक्षिण-प्रथम) | 120 एच ( ख.नं. 40 का भाग ) | विजय गृ.नि.स.स.लि. की योजना ग्रीन एवेन्यू लीजडीड जारी करने हेतु | श्री महेश चन्द पुत्र श्री छोटू |
| 16. | 7 | 91 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | प्रकाश यादव |
| 17. | 7 | 40 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | राजेन्द्र चौधरी |
| 18. | 7 | 55 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | दीलीप श्रीवास्तव |
| 19. | 7 | 44 | भैरव गृ.नि.स.स.लि. की योजना कुबेर नगर लीजडीड जारी करने हेतु | अनुपमा शेखावत |
| 20. | 7 | बी-169 | नेहरू गृ.नि.स.स.लि. की योजना आम्रपाली नगर लीजडीड जारी करने हेतु | माया देवी |
| 21. | 7 | ए-33 | नेहरू गृ.नि.स.स.लि. की योजना आम्रपाली नगर लीजडीड जारी करने हेतु | रामस्वरूप |
| 22. | 7 | डी-186 डी-187 | नेहरू गृ.नि.स.स.लि. की योजना आम्रपाली नगर लीजडीड जारी करने हेतु | नैनिहाल सिंह बुगालिया |
| 23. | 7 | डी-184 डी-185 | नेहरू गृ.नि.स.स.लि. की योजना आम्रपाली नगर लीजडीड जारी करने हेतु | धीरेश कुमार सैनी |
| 24. | 7 | 49 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | भारती मिश्रा |
| 25. | 7 | 29 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | अतुल सक्सैना |
| 26. | 7 | 11-ए | मणिक्यपुरी गृ.नि.स.स.लि. की योजना 10-ए स्कीम लीजडीड जारी करने हेतु | श्री भंवर सिंह |
| 27. | 7 | 31 | अरविन्द नगर गृ.नि.स.स.लि. की योजना इन्द्रप्रस्थ लीजडीड जारी करने हेतु | रवि प्रकाश गुप्ता |
| 28. | 7 | 4 | अरविन्द नगर गृ.नि.स.स.लि. की योजना इन्द्रप्रस्थ लीजडीड जारी करने हेतु | ज्योति जैन |
| 29. | 7 | 39 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | विमल चौधरी व शीला चौधरी |
| 30. | 7 | 100, 101 | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | अखिल चौधरी व मंजूलता चौधरी |
| 31. | 7 | 29-ए | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | मधू शर्मा |
| 32. | 7 | 15-ए | अपोलो गृ.नि.स.स.लि. की योजना हीरा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | भगवान सहाह जाटवा |
| 33. | पीआरएन उत्तर-II | ए-6ए | मित्र गृ.नि.स.स.लि. की योजना समता नगर लीजडीड जारी करने हेतु | श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री राधेश्याम |
| 34. | 12 | 184ए | बाबा आर.एन. गौड गृ.नि.स.स.लि. की योजना फ्रेण्डस कॉलोनी फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु | श्री दिलिप सिंह पुत्र श्री सम्पत सिंह |
| 35. | पीआरएन ( दक्षिण-द्वितीय ) | A-14 | संयुक्त गृ.नि.स.स.लि. की योजना विधानसभा नगर-ए लीजडीड जारी करने हेतु | राधादेवी अग्रवाल |

**लोक सूचना**

| क्र.सं. | जोन | खसरा नं. | सोसायटी/योजना का नाम | आवेदक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 36. | 14 | खसरा नं. 551, 552, 771/594 ( नवीन ख.नं. 806/771 ), 773/595 ( नवीन ख.नं. 808/773 ) 777/628 ( नवीन ख.नं. 810/777 ), 592 ( नवीन ख.नं. 802/592 ) 593 ( नवीन ख.नं. 804/593 ) | ग्राम मनोरियावाला तहसील सांगानेर जिला जयपुर की भूमि का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ किये जाने हेतु | मैसर्स रियासत इन्फ्रा डवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड |
| 37. | 7 | खसरा नं. 152 | ग्राम मीनावाला, जयपुर में मित्र गृ.नि.स.स.लि. की योजना कृष्णा विहार बी की भूमि पर्यावसित कर राज्य सरकार के पक्ष में पुर्नग्रहित करने हेतु | छीतरमल पुत्र चौथ्या, जगदीश पुत्र रामनारायण, पारो पत्नि स्व. रामनारायण, महादेव पुत्र भोरिया, रेवड पुत्र भोरिया, रामकँवर पुत्र भोरिया |

राज.संवाद/सी/8900/2022-2023 सचिव